
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 18.10.2021 से 23.10.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## भारतीय जनता पार्टी व्यापार एंव उद्योग प्रकोष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात

(दिनांक 18.10.2021)



**विषय:** भारतीय जनता पार्टी व्यापार एंव उद्योग प्रकोष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने आवास पर चल रहे विशेष कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के व्यापार और उद्योग प्रकोष्ठ के लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में व्यापारियों के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया।


## CSR ट्रस्ट का समिक्षा बैठक

(दिनांक 18.10.2021)

**विषय:** CSR ट्रस्ट का समिक्षा बैठक।

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में CSR ट्रस्ट की बैठक हुई जिसमें CSR से संबंधित विभिन्न कार्यों के बारे में निर्णय लिए गए –

- हरियाणा सरकार प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न प्रोजेक्ट की लिस्ट बनाएगी जिसमे कम्पनियाँ स्वेच्छा से अपना CSR का पैसा खर्च कर सकती हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- इसके लिए सभी जिलों से प्रोजेक्ट लिए जांएगे ।
- बहुत जल्द एक CSR समिट करवाई जाएगी जिसमें हरियाणा में कार्य कर रही कम्पनियों को आयोजित किया जाएगा।
- इससे हरियाणा में काम करने वाली इण्डस्ट्री सरकार के साथ मिलकर विकास के कार्यों में अपने CSR Fund को इस्तेमाल कर सकेंगी।

## खेल और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से मुलाकात

(दिनांक 19.10.2021)

**विषय: खेल और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से मुलाकात।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारतीय जनता पार्टी के खेल और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों से चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर मुलाकात की।
इस अवसर पर प्रकोष्ठ की और से विभिन्न सुझाव दिए गए जिन पर जल्द ही अमल करने का आश्वासन माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिया साथ ही प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की ओर से खेल और संस्कृति में
हरियाणा को आगे ले जाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया।




## विधायकों से मुलाकात

(दिनांक 19.10.2021)

**विषय: विधायकों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न हल्कों के विधायकों से मुलाकात कर क्षेत्र का हाल जाना और उनकी समस्याओं का समाधान किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सहकारिता और पशुपालन प्रकोष्ठ

(दिनांक 20.10.2021)



**विषय: सहकारिता और पशुपालन प्रकोष्ठ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता और पशुपालन प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात की। दोनों ही प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त किया –

इस अवसर पर प्रकोष्ठ के लोगों ने मुख्यमंत्री जी को विभिन्न सुझाव दिए जिसमें गोशालाओं में मनरेगा की सहायता लेना, प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी का बोर्ड लगवाना, दुध निकालने की Skill Training से जोड़ने जैसे अनेक सुझाव थे जिन पर विचार करने का माननीय मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया। साथ ही हरको बैंक में खाली पड़े पदों को जल्द ही भरने की भी बात कही।


## AIIMS बादसा (झज्जर) में विश्राम सदन का उदघाटन

(दिनांक 21.10.2021)

**विषय: AIIMS बादसा (झज्जर) में विश्राम सदन का उदघाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा AIIMS बादसा में इंफोसिस कंपनी के CSR द्वारा 100 करोड़ रूपये की लागत से बनाए गए 800 बेड के विश्राम सदन का उदघाटन किया गया इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी और केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री स्वंय उपस्थित रहे।

इस विश्राम सदन के बनने से मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए ठहरने की काफी सुविधा हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी और हरियाणा सरकार की जमकर तारीफ की और कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह हरियाणा की सबसे ईमानदार और इनोवेटिव सरकार है। इस सरकार द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं वो हरियाणा के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगें।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों से मुलाकात

(दिनांक 21.10.2021)

**विषय: भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों से मुलाकात।**



**निर्णय:** आज पूर्व सैनिक प्रकोश्ठ में पदाधिकारी, माननीय मुख्यमंत्री जी से चण्डीगढ़ स्थित उनके आवास पर मिले और सरकार द्वारा सैनिको के दिए गए कार्यों के लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद् किया –


इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सैनिकों के जज्वे को सलाम करते हुए सभी पूर्व सैनिको से सरकार के वालेटियर प्रोग्राम से जुड़ने का आग्रह किया। साथ ही घायल होने पर सैनिको को मिलने वाली सहायता की 5, 10 व 15 लाख से बढ़ाकर 15, 25 व 35 लाख कर दिया।

## BJP सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात

(दिनांक 14.10.2021)

**विषय: BJP सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर BJP सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से सेवा पहुंचाने और गरीबों के लिए योजनाएं बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी पदाधिकारियों से 10–10 गरीब परिवारों की सूची बनाने और योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से मिलने के लिए कहा। साथ ही मकान की मरमत और रोगियों को ईलाज में मिलने वाली सहायता जल्द मिल सके इसके लिए कमेटी गठित कर ऑनलाइन व्यवस्था बनाने का भी आश्वासन दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## महेंद्रगढ़ दौरा

(दिनांक 23.10.2021)

**विषय: महेंद्रगढ़ दौरा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी महेंद्रगढ़ का दौरा किया जिसके तहत उन्होंने ढोसी पहाड़ और माधोगढ़ किले का अवलोकन किया और दोनों ही स्थानों को पर्यटन के रूप में विकसित करने और महेंद्रगढ़ को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की। इसके लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को विस्तृत रूप रेखा बनाने के आदेश दिए।




## महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण

(दिनांक 23.10.2021)




**विषय: कैबिनेट सब कमेटी की बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक के गावँ सिरमथला में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही सोहना और ताऊड़ू ब्लॉक के लघुसचिवालय की इमारत की आधारशिला भी रखी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने महाराणा प्रताप को याद करते हुए वर्तमान समय की जीवन की चुनोतियों से उन्ही की तरह हिम्मत से लड़ने का आवाहन किया।

साथ ही हल्के की 30 से ज्यादा और लगभग 150 करोड़ के विकास कार्यो की घोषणा करते हुए उन्हें मंजूरी प्रदान की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## JC बोस यूनिवर्सिटी पूर्व छात्र मिलन समारोह

(दिनांक 23.10.2021)



**विषय:** JC बोस यूनिवर्सिटी पूर्व छात्र मिलन समारोह।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद स्थित JC बोस यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र मिलन समारोह में शिरकत की इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी पूर्व छात्रों को यूनिवर्सिटी का सदस्य होने के लिए बधाई दी साथ ही यूनिवर्सिटी के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी छात्रों से यूनिवर्सिटी को आगे बढ़ाने के लिए योगदान देने और निरंतर समाज सेवा में लगे रहने का अवहंब किया।